हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026

04 कई सालों बाद नगर को व्यवस्थित करने के ...



07 समितियों से कर रहे लाखों का कारोबार कहीं मालगोदाम जर्जर तो ...





## समाचार संक्षेप

### कल यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही पावर हाऊस सबस्टेशन से निकलने 11 केव्ही बूढे बालाजी एवं नजूल फीडर पर 05 प्रतिशत सुपरविजन योजनांतर्गत कार्य होने से दिनांक 10 जनवरी 26 को दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक मटकरी कॉलोनी, मथुरा नगर, भार्गव, नजूल,सरस्वती बिहार कॉलोनी, जयस्तंभ चौराहा, सोनी कॉलोनी, दुबे, चौधरन, तलैया मोहल्ला, आसमानी माता एवं न्यू टेकरी रोड़ का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### शासकीय कॉलेज के प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**गुना।** कृषि विज्ञान केन्द्र, आरोन (गुना) पर गुरूवार को शासकीय कॉलेज, आरोन के प्रोफेसर एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न ईकाइयों का भ्रमण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. धवेन्द्र सिह द्वारा विशेष रुप से युवा छात्र-छात्राओं को वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन की सजीव प्रक्रिया समझाई। साथ ही प्राकृतिक खेती के घटकों के उत्पादन एवं प्रयोग के बारे में बताया। भ्रमण के अन्तर्गत केन्द्र की क्रक्रप कैफटेरिया, एजोला, नर्सरी ईकाइयों कें संचालन की जानकारी दी गई।केन्द्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विस्तार शिक्षा) श्री वरुण प्रताप सिंह जादौन के द्वारा नर्सरी, एजोली एवं वर्मीकम्पोस्ट के घटकों के प्रचार-प्रसार एवं लाभकारी व्यवसाय के बारें में जानकारी दी। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्राप्त लाभकारी जानकारी की सराहना कर इसे व्यवसाय के रुप में अपनाने की उत्सुकता दर्शाई।

### मानवता की मिसाल बना रेडक्रास का कंबल बैंक, जिला चिकित्सालय में रोगी परिजनों को मिली ठंड से राहत

**गुना।** कड़ाके की ठंड के इस मौसम में जिला चिकित्सालय गुना में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के साथ उनके परिजनों को ठंड से बचाने की दिशा में रेडक्रास सोसाइटी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। सेवाभारती के सहयोग से जिला चिकित्सालय परिसर में रोगी सहायता केंद्र की शुरुआत की जा रही है, जिसके अंतर्गत समाज के सहयोग से कंबल बैंक भी स्थापित किया गया है।इस मानवीय पहल को सफल बनाने में जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों ने आगे बढ़कर सहयोग किया।



सामाजिक संस्थाओं द्वारा रेडक्रास भवन में कंबल और दरी के सेट भेंट किए गए, जिन्हें जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को ठंड से बचाव हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है।अब जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान रात्रि विश्राम करने वाले मरीजों के परिजनों को मात्र 10 रुपए में कंबल और दरी का पूरा सेट उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था उन गरीब और दूर-दराज से आए परिजनों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है, जो मजबूरी में खुले या ठंडे फर्श पर रात गुजारते थे।कंबल बैंक की यह पहल न केवल ठंड से सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि मानव संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती दे रही है। रेडक्रास सोसाइटी और सेवाभारती का यह संयुक्त प्रयास समाज में सेवा, सहयोग और करुणा का संदेश दे रहा है।मरीजों के परिजनों ने इस व्यवस्था के लिए रेडक्रास सोसाइटी, सेवाभारती एवं सहयोगी सामाजिक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। ठंड के इस दौर में 10 रुपए में कंबल-दरी मिलना उनके लिए बड़ी राहत और सुरक्षा का माध्यम बना है।रेडक्रास सोसाइटी द्वारा भविष्य में भी इसी तरह जनहित और मानव सेवा से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया है।

### रोगी कल्याण समिति साधारण सभा बैठक में शामिल हुई विधायक प्रियंका पेंची

**चाचौड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभराज अंतर्गत रोगी कल्याण समिति साधारण सभा बैठक का आयोजन हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेची उपस्थित रही । बैठक में मुख्य रूप से एजेंडा में पूर्व बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, वार्षिक आय-व्यय के लेखा-जोखा पर चर्चा, पूर्व बैठकानुसार मेन गेट चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव पर चर्चा, सी.सी.टी.व्ही. कैमरे हेतु कोटेशन प्राप्त करना एवं प्राप्त



कोटेशन दर जुनसार 04 कैमरे लगवाया जाना, केन्टीन पर चर्चामरीजों व मरीजों के परिजनों हेतु टीनशेड पर चर्चा,पानी व्यवस्था हेतु अस्पताल परिसर में बोरवेल लगवाने पर चर्चा,दिव्यांग मरीज हेतु शौचालय, एम्बूलेंस वाहन चालक पर चर्चा (रो.क.स. नियमावलीनुसार), अस्पताल में मरीजों हेतु वार्ड आदि पर चर्चा हुई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कुंभराज रोहित कासट जी, एसडीएम चाचौड़ा,बीएमओ चाचौड़ा, एमओ कुंभराज, जिला मंत्री आशा शर्मा ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम मीना, वरिष्ठ कार्यकर्ता दयाराम बुनकर ,वरिष्ठ कार्यकर्ता नंदकिशोर शर्मा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर मीना , पार्षद प्रतिनिधि नवल अग्रवाल , विधायक प्रतिनिधि महावीर शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम मीना,मंडल महामंत्री मनीष शिवहरे, बबलू परिहार ,दीपक उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि राहुल मीना, कमल सिंह मीना, सरपंच एवं कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अब गुना शहर को मिलेगा 'गुलाबों के शहर' का स्वरूप

## कलेक्टर की समीक्षा बैठक आयोजित, प्राथमिकता से होंगे पॉलीहाउस कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पॉलीहाउस निर्माण एवं गुलाब उत्पादन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप संचालक उद्यानिकी विभाग केपीएस किरार, एलडीएम अजय पाल सिंह,पॉलीहाउस से जुड़े किसान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पॉलीहाउस निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण, तकनीकी मानकों के सख्त पालन तथा समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक और उच्च गुणवत्ता ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने का प्रमुख आधार



है। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि गुना को 'गुलाबों का शहर' बनाने की दिशा में जो भी कार्य संभव होंगे, उन्हें प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। गुलाबों के विदेशी बाजार में निर्यात के प्रयासों को तेज करने, बैंक प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा व्यापारियों को सीधे किसानों से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने गुलाब मंडी के रूप में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर 'गुलाब की मंडी' विकसित करने तथा जिले में गुलाब क्लस्टर बनाने के प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि गुलाब खुशी और सकारात्मकता का प्रतीक है, हमें जिले में हैप्पीनेस को बढ़ावा देना है और गुना को गुलाबों के शहर के रूप में नई पहचान दिलानी है। बैठक में अधिकारियों और किसानों से समन्वय के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने का आह्वान किया गया।

## विकास की जयघोष और ट्रेन की सीटी के साथ म्याना, पगारा पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

# "ऐसी तालियां बजाओ कि रेल मंत्री के मंत्रालय तक गूंज जाए": सिंधिया





- म्याना में भोपाल–ग्वालियर एक्सप्रेस, पगारा में भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव
- म्याना रोड के कायाकल्प को मंज़ूरी, 70 लाख से बनेगी आधुनिक सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

"ऐसी तालियां बजाओ मेरे भाइयों-बहनों, कि रेल मंत्री के रेल मंत्रालय में भी उसकी गूंज सुनाई दे।"इन जोशीले और भावनात्मक शब्दों के साथ केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार शाम गुना जिले में दो महत्वपूर्ण रेलवे स्टॉपेज का शुभारंभ किया। इस दौरान जनसभा में उमड़ा जनसैलाब तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनके संबोधन का साक्षी बना।अपने उद्बोधन में सिंधिया ने कहा कि रेलवे और सिंधिया परिवार का रिश्ता 1872 से दिल से जुड़ा हुआ है।उन्होंने बताया कि वर्ष 1872 में महाराज जयाजी राव सिंधिया ने ग्वालियर–आगरा रेल खंड में निवेश कर ग्वालियर स्टेट में रेलवे की नींव रखी थी। इसके बाद माधव महाराज ने ग्वालियर–शिवपुरी, ग्वालियर–गुना, ग्वालियर–श्योपुर और ग्वालियर–भिंड में नेरोगेज रेलवे लाइनों का विस्तार कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा विकास की जयघोष के साथ और ट्रेन की सीटी के साथ आज मैं म्याना और पगारा आया हूँ। यह केवल एक रेलगाड़ी का ठहराव नहीं, बल्कि इस मिट्टी के विकास और आगे बढ़ते सफर की कहानी है। उन्होंने कहा कि रेलवे की यह कनेक्टिविटी आसपास के क्षेत्रों के लोगों को देश के कोने-कोने से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी और शिक्षा, रोजगार, व्यापार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच को और सरल बनाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस (14814) के ठहराव की घोषणा करते हुए कहा कि आज की यह शाम पगारा की जनता के नाम है। मैं पगारा स्टेशन पर भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव लेकर आया हूँ। उन्होंने इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

### जहां गुना में कभी 2 ट्रेनें आती थीं, आज 70 ट्रेनें आती हैं: सिंधिया

सिंधिया ने कहा कि एक समय था जब गुना में केवल 2 ट्रेनें आती थीं, आज यहाँ 70 से अधिक ट्रेनें आती हैं। बीते 20 वर्षों में नई सोच और नई कल्पना के आधार पर रेल नेटवर्क का विस्तार हुआ है।

उन्होंने बताया कि आज गुना से मुंबई–झांसी की रिवर्स ट्रेन, पुरी, इंदौर–चंडीगढ़, पश्चिम से दक्षिण भारत तक की ट्रेनें, अमृतसर (स्वर्ण मंदिर) और हावड़ा तक की सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुना मेरी दिल की धड़कन है। जब-जब मैं गुना आता हूँ, कुछ न कुछ साथ लेकर आता हूँ। यह तो केवल शुरुआत है, गुना के लिए और भी बड़े कार्य आने वाले हैं।

### म्याना स्टेशन को 6 करोड़ की लागत से मिला आधुनिक स्वरूप

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि 6 करोड़ की लागत से म्याना रेलवे स्टेशन का पूर्ण नवीनीकरण कराया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर प्लेटफॉर्म, प्रकाश व्यवस्था एवं आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

इसके साथ ही ग्वालियर इंटरसिटी और भोपाल–ग्वालियर एक्सप्रेस का ठहराव म्याना में सुनिश्चित किया गया है, जिससे अब क्षेत्र के लोगों को गुना जाकर ट्रेन पकड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### म्याना रोड के लिए 70 लाख की स्वीकृति

मंच से घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि म्याना रोड के विकास कार्य को स्वीकृति दे दी गई है, जिसके तहत 70 लाख का टेंडर लगाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आने वाले दिनों में लगभग 2 किलोमीटर लंबी उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे म्याना की जनता को धूल, जाम और असुविधा से स्थायी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द्र धाकड़, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधगण तथा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित नागरिकगण उपस्थित थे।



## खेत पर मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आए युवक की मौत

### नौ माह की गर्भवती पत्नी और मासूम बच्चे के सिर से उठा साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ रघुपुरा (राघौगढ़) निवासी एक 24 वर्षीय युवक की खेत पर मोटर चलाते समय करंट लगने से असामयिक मृत्यु हो गई। इस घटना ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। मृतक की पत्नी नौ माह की गर्भवती है, जिसके घर में कुछ ही दिनों बाद खुशियां आने वाली थीं, लेकिन अब वहां मातम पसरा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बंकट सिंह भील उम्र 25 निवासी रघुपुरा, जो वर्तमान में पालिका बाजार क्षेत्र स्थित अपनी जमीन पर रहकर खेती-किसानी करता था, आज सुबह करीब 8 बजे खेत पर पानी की मोटर चलाने गया था।

कुछ देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो छोटा भाई पवन कुमार और परिजन उसे देखने पहुंचे। वहाँ बंकट सिंह अचेत अवस्था में पड़ा मिला और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मोबाईल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा है भूमि संबंधित विवादों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में 'मोबाईल कोर्ट' के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में ग्राम सुंदरपुरा के आवेदक मोहर सिंह पुत्र बाबूलाल बंजारा द्वारा जनसुवाई में कलेक्टर कन्याल को आवेदन दिया था। जिसे मोबाइल कोर्ट के माध्यम से कब्जा दिलवाने हेतु निर्देशित किया था। न्यायालय नायब तहसीलदार वृत के प्रकरण के तहत ग्राम सुंदरपुरा के सर्वे क्रमांक 112/1 रकवा 1.100 है. पर अनावेदक जगदीश बनालाल लालाबना लक्ष्मणसिंह पुत्र गोपाल सिंह भगवान सिंह शिवराजसिंह पुत्र हरिसिंह मुन्नासिंह राजू पुत्र गजराजसिंह जाति राजपूत द्वारा जबरदस्ती अवैध कब्जा किया हुआ था। जिसे मधुसूदनगढ़ तहसीलदार डॉ. उदय सिंह द्वारा भूमि का सीमांकन कर मौके पर ही कब्जा सौंपा गया और अनावेदक को हिदायत दी गई यदि संबंधित द्वारा कब्जे में व्यवधान उत्पन्न किया गया तो मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 250 की कंडिका 8 के तहत कार्रवाई की।

### 384 आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सेवा समाप्ति हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत परियोजना आरोन, बमोरी, चाचौडा, गुना ग्रामीण एवं राधौगढ की 292 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 92 आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी केंद्र मुख्यालय पर निवास न कर अन्य जगह से आना जाना करती है, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से संचालित नहीं होता है तथा आंगनबाड़ी में दर्ज हितग्राहियों को समय सीमा में विभाग की योजनाओं से वंचित होना पड़ता है और जन-सामान्य द्वारा शिकायत की जाती है। इसकी रोकथाम करने व समय से आंगनबाड़ी का संचालन हो इस हेतु कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अब्दुल गफ्फार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास गुना द्वारा मुख्यालय पर निवास न करने वाली 292 आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं 92 सहायिका कुल 384 को परियोजना अधिकारी के माध्यम से सेवा समाप्ति किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर उत्तर चाहा गया है। उत्तर संतोषजनक न होने पर सक्षम स्वीकृति उपरान्त संबंधितों की सेवा समाप्त करने संबंधी कार्रवाई की जावेगी।

## नगर पालिका ने टीम शास्त्री पार्क में सब्जी, फल विक्रेताओं को समझाइश दी

# प्रभारी सीएमओ ने कराया बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा प्रातः शास्त्री पार्क सब्जी मंडी में बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन का वितरण कराया गया। यह पॉलिथीन घुलनशील है तथा पूरी तरह डिस्पोज हो जाती है। इसे यदि जानवर भी खाते हैं तो उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा क्योंकि यह मक्के की बनी हुई रहती है।

जीके इंडस्ट्रीज के सौजन्य से आज प्रातः प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका टीम द्वारा शास्त्री पार्क में सब्जी - फल विक्रेताओं को समझाइश दी गई। अमानक पॉलिथीन विक्रय न करने के निर्देश दिए तथा इस बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन का उपयोग करने का सुझाव दिया, जिससे किसी को हानि नहीं होती और पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने फल सब्जी विक्रेताओं को सब्जी मण्डी स्वच्छता बनाये रखने, गंदगी न करने एवं व्यवस्थित बैठने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में स्वच्छ सर्वेक्षण होने वाला है। शहरवासियों को इसमें सहयोग करना है, जिससे गुना शहर स्वच्छता में उच्चतम अंक प्राप्त कर सके। पॉलिथीन वितरण के दौरान विवेक श्रीवास्तव, बृजमोहन खरे, शकील खान, अमित आर्य आदि के साथ टीम सिद्धिविनायक के सदस्य उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने स्टेट लेवल बास्केटबॉल खिलाड़ियों से की मुलाकात, नेशनल प्रतियोगिता के लिए दी शुभकामनाएं

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उत्कृष्ट उमावि गुना में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल खिलाड़ियों के साथ समूह फोटो खिंचवाकर उनसे परिचय प्राप्त किया। यह सभी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। जिनमें 17 आयु बालिका वर्ग में उज्जैन, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर तथा 17 आयु बालिका वर्ग में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन तथा इंदौर संभाग के खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की जा रही है। प्रतियोगिता 11 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में विशेष अभ्यास शिविर आयोजित किया गया है। जहां खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने अभ्यास शिविर का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वयं बास्केट बॉल कोर्ट पर उतरकर एक गोल कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।

**समाचार संक्षेप**

## शहर के निराश्रित, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के लिए 'आश्रय स्थल' का संचालन




**गुना।** बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद राघोगढ़ तेज सिंह यादव के निर्देशानुसार शहर के निराश्रित, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के लिए 'आश्रय स्थल' के संचालन को और अधिक प्रभावी बना दिया गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है । ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड में खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राघोगढ़ ने बताया कि आश्रय स्थल में रुकने वाले लोगों के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने शहर के नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या फुटपाथ पर कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ दिखे, तो उसे नजदीकी आश्रय स्थल तक पहुँचाने में मदद करें।

## भूमलाखेड़ी-कुमराज प्रवास के दौरान कंबल वितरण, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



**कुंभराज।** भूमलाखेड़ी–कुंभराज क्षेत्र के प्रवास के दौरान सामाजिक सरोकार के तहत अपनों के बीच पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना गया तथा समाधान के लिए संबंधित विभागों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। प्रवास के दौरान एसआईआर विषय को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने विचार और सुझाव रखे। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आपसी समन्वय से क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कुंभराज मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, जिला योजना विकास समिति के सदस्य विक्रम सिंह मीना, शिवम मीना एवं सीताराम बैरागी की सक्रिय भूमिका रही। प्रवास को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।



# कई सालों बाद नगर को व्यवस्थित करने के लिए शुरू हुआ मदाखलत अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघोगढ़ शुक्रवार को कई सालों बाद नगर को व्यवस्थित करने के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ । पहले दिन प्रशासन ने राजस्व विभाग नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीमों की मौजूदगी में तहसील कार्यालय के पास से अतिक्रमण हटाने का पैमाना नगर पालिका के नाले के ऊपर अतिक्रमण दिखाई दिया। उसको तोड़ दिया उक्त अभियान के तहत नगर में चिन्हित किया गया और मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाया जाएगा। नगर पालिका की दो जेसीबी मशीनों के साथ पूरा हमला इस दौरान मौजूद रहा । एसडीएम अमित कुमार सोनी, तहसीलदार अनुराग जैन, सीएमओ तेज सिंह यादव, थाना प्रभारी आनंद राय, सहित उपस्थित अमला की मदद से दोनों ही तरफ नालियों पर जमा अतिक्रमण को तोड़ दिया गया । नगर के महात्मा गांधी रोड पर सड़क के दोनों तरफ जेसीबी मशीनों की सहायता से नालियों के ऊपर बने अतिक्रमण को हटा दिया गया। इस दौरान आमजन द्वारा इस कार्रवाई की प्रशंसा की गई तो कुछ दुकानदार जिनकी दुकानों की ऊंचाई अधिक है । उनके माथे पर चिंता के बादल भी नजर आए नालियों के ऊपर बने अतिक्रमण को भले ही जेसीबी से तोड़ दिया गया है लेकिन अतिक्रमण हटाने के साथ नगर पालिका की जवाब दे ही भी बढ़ गई है । स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि उन्हें अतिक्रमण करने में कोई मजा कौन आता है लेकिन कहीं कहीं वहां तक नालियों की गंदगी सफाई नहीं की जाति ऐसे में दुर्गंध और मच्छरों की वजह से दुकानों में बैठना दुश्वार होता है । वही उनका कहना है कि अब नगर पालिका को नालियों को जालियों से लगवाना चाहिए । जिससे इसमें जानवर और बच्चे ना गिरे वही नियमित सफाई हो तो अतिक्रमण अभियान सफल होगा। अभियान की बात सुनते ही स्वयं हटा लिए अतिक्रमण चौराहे से अभियान शुरू ही हुआ था कि आसपास बनी दुकानों की दुकानदार जल्दबाजी में दुकानों के बाहर से टीन शेड और नालों के ऊपर बने अतिक्रमण को खुद ही हटते हुए दिखे गए यहां तक कुछ दुकानदार जिन्होंने स्थाई अतिक्रमण किया था। वह हमर से तोड़ते हुए देखे गए क्योंकि नपा की जेसीबी से अधिक खतरे की संभावना रहती है । नगरीय निकायों के मुख्य मार्ग पर आवा गवन सुलभ हो इसके लिए अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

## माधव बस्ती, संकटकपुर रोड पर आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर दिया गया पीले चावल से निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर के माधव बस्ती, संकटकपुर रोड पर आगामी 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर आज समाज में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। सम्मेलन की तैयारी के क्रम में आज माधव बस्ती की आयोजन टोली द्वारा क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर पीले चावल देकर समाजजनों को आमंत्रित किया गया।इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों ने समाज के प्रत्येक वर्ग से संपर्क कर सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे भव्य, ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का आग्रह किया। पीले चावल देकर आमंत्रण की यह परंपरागत विधि समाज में एकता, आत्मीयता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देती है।आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हिंदू सम्मेलन सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू चेतना का जागरण, सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती एवं राष्ट्र उत्थान के कार्यों में समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। आज के इस संपर्क अभियान में समाज के सभी वर्गों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला। मातृशक्ति, युवा, वरिष्ठजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।आयोजन समिति ने समस्त हिंदू समाज से 11 जनवरी 2026 को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सम्मेलन को सफल बनाने एवं समाज की एकता व शक्ति का परिचय देने की अपील की है।

## राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर आयोजित हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुरुवार को 35 वीं बाहनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बीके तिवारी अनुमति से एनसीसी डी कंपनी गुना ने सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों के अंतर्गत राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन पर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक व्याख्यान माला आयोजित की। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा अंडर अफसर विकास धाकड़ ने प्रस्तुत की एवं मुख्य वक्ता के रूप में कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया रहे। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से बताया- कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन क्या है वर्तमान समय में इसकी क्या उपयोगिता एवं कौन कौन से लक्ष्य हैं एवं प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत के रूप में इसे कैसे अपनाया जा सकता है । बारे में विस्तार से बताया साथ ही सीनियर कैडेट प्रियांशु साहू ने भी राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर अपने विचार रखें । आभार सीनियर अंडर ऑफिसर सुरक्षा यादव ने माना ।




# कलेक्टर ने किया गुलाब क्लस्टर का निरीक्षण अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिक्री की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कन्याल ने उद्यानिकी विभाग द्वारा गुना एवं आरोन विकासखंड के चयनित ग्रामों में स्वीकृत 20 एकड़ के नवीन गुलाब पॉलीहाउस क्लस्टर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

इसी क्रम में कलेक्टर ने आरोन विकासखंड के ग्राम रिजौदा, जो इस क्लस्टर का एक चयनित ग्राम है, पहुंचकर किसानों द्वारा लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में निर्माणाधीन पॉलीहाउस इकाइयों का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदय ने किसानों, उप संचालक उद्यान एवं निर्माण एजेंसी से संवाद कर पॉलीहाउस निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण, तकनीकी मानकों के पालन एवं समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक एवं उच्च गुणवत्ता ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने का प्रमुख आधार है।गुलाब उत्पादक किसानों द्वारा अरब देशों में निर्यात की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत किसानों ने संभावित अंतरराष्ट्रीय क्रेताओं से संपर्क स्थापित किया है तथा निर्यात लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया प्रगतिरत है, जिससे गुना के गुलाबों के लिए विदेशी बाजार में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।इस अवसर पर उप संचालक उद्यान, जिला गुना के.पी.एस. किरार ने किसानों को इंटीग्रेटेड पैक हाउस अंतर्गत कोल्ड रूम आदि के निर्माण तथा रेफ्रिजरेटेड वैन के माध्यम से गुलाबों को गुना से जयपुर एवं अन्य प्रमुख शहरों तक सुरक्षित परिवहन की आवश्यकता बताई, ताकि कटाई के बाद भी फूलों की ताजगी, रंग एवं गुणवत्ता बनाए रखी जा सके। साथ ही किसानों को अपने पॉलीहाउस में सेंसर आधारित ऑटोमेशन फर्टिगेशन सिस्टम अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे तापमान, आर्द्रता, सिंचाई एवं पोषक तत्वों का वैज्ञानिक नियंत्रण संभव हो सके और निर्यात योग्य उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके ।



**नवीन कार्यकारणी का शपथ समारोह हुआ**

# महिला महा समिति के अधिवेशन में दी गई प्रस्तुति से सभी की आंखे नम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

महिला महासमिति का संभाग स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें मनमोहक प्रस्तुति प्रदान की गई जिसने सभी आंखे नम कर दीं। इस मौके पर नवीन कार्यकारणी का शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

शुक्रवार को दिगम्बर महिला महासमिति के संभागीय अधिवेशन में मंजू अजमेरा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अलावा इंदु गांधी भूतपूर्व मध्यांचल अध्यक्ष, वर्तमान राष्ट्रीय मंत्री के रूप में संगीता सावधानी, मध्यांचल अध्यक्ष ममता गंगवाल, मध्यांचल मंत्री, मध्यांचल कोषाध्यक्ष के रूप में पूजा सावधानी और अल्पना सराफ एवं नीता सराफ मुंगावली से वर्तमान अध्यक्ष वंदना फट्टा एवं मंत्री आराधना जैन अध्यक्ष एवं मंत्री का नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन हुआ एवं उनके द्वारा शपथ ली गई। नवीन कार्यकारी समिति में अध्यक्ष प्रीति एवं मंत्री सोमा बेध को चुना गया। समिति की बहनों के द्वारा अपना घर नाटिका का मंचन किया गया। नाटिका में नेहा सिंघई के द्वारा निर्देशित किया गया। नाटक में वंदना फट्टा, इंदु फट्टा, ज्योति सराफ, शालू टडेया, प्रतिभा जैन, सारिका जैन, प्रज्ञा जैन, सपना जैन, महिमा जैन एवं बच्चे एरिया जैन और अधिगम में जैन की प्रस्तुति रही।



## ईसागढ़ एसडीएम ने नामांतरण कर महिला की शिकायत की सुनवाई की

**ईसागढ़।** आवेदिका गुड्डी बाई पुत्री हट्टू जाति जाटव द्वारा ग्राम सकर्रा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 971 का नामांतरण 2 वर्ष उपरांत भी नहीं हो पाने के कारण आदित्य सिंह कलेक्टर जिला अशोकनगर के समक्ष दिनांक 06/01/2026 को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा त्रिलोचन गौड़ एस.डी.एम. ईसागढ़ को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये। आवेदिका का प्रकरण नायब तहसीलदार वृत्त कदवाया द्वारा दिनांक 31-07-2024 रिपोर्ट के अभाव में निरस्त किया गया था जिससे व्यथित होकर आवेदिका द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ के समक्ष अपील प्रस्तुत की। अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ द्वारा न्यायालयीन अपीलीय प्रकरण में दिनांक 08-01-2026 को तत्काल आदेश पारित करते हुए आवेदिका की भूमि का नामांतरण कर आवेदिका को आदेश पारित कर एवं आदेश का अमल कराते हुए खसरा की नकल प्रदान करी। आदेश की नकल प्राप्त करने के दौरान आवेदिका गुड्डी बाई भावुक होकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गये। आवेदिका द्वारा कलेक्टर आदित्य सिंह एवं एस.डी.एम. त्रिलोचन गौड़ का आभार व्यक्त कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया।

कई मार्गों पर लाईनिंग की गई

## चन्देरी नगरी को भी अतिक्रमण से मुक्त किए जाने की होगी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पर्यटन नगरी चंदेरी में लंबे समय से बढ़ते अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या गंभीर हो गई है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर आदित्य सिंह के सख्त निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को शहर की मुख्य सड़क पर चूना लाइनिंग डालकर अतिक्रमण की पहचान की गई और कुछ जगहों पर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया भी गया।

अभियान का नेतृत्व एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा और नगर पालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा ने किया। मौके पर पुलिस बल, नगर पालिका कर्मचारी एवं पटवारी भी मौजूद रहे। दिल्ली दरवाजे से चुंगी नाका तक मुख्य सड़क पर चूना लाइनिंग डाली गई, जिससे अतिक्रमण की सीमा स्पष्ट हो गई। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि किन हिस्सों को हटाना है और किन्हें छोड़ा जा सकता है। जिले में अशोकनगर शहर की तर्ज पर चल रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम को देखते हुए चंदेरी में भी यह कार्रवाई की गई। आने वाले रविवार या सोमवार को प्रशासन का पीला पंजा बड़े पैमाने पर चलेगा, जिसमें जेसीबी से अतिक्रमण पूरी तरह ध्वस्त किए जाएंगे। यह अभियान शहर में यातायात सुगमता बहाल करने और मुख्य मार्गों को जाम मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों से अपील की गई है कि वह स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस मुहिम पर सभी की नजरें टिकी हैं।



## मांग: पुराने विरासत भवनों को होटल बनाने पर रोक लगे




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी में होटल श्रीकुंज में इंटैक चैप्टर चंदेरी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने राजा रानी महल को होटल में परिवर्तित किए जाने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

बैठक में यह भी बताया गया कि चंदेरी में राज्य पुरातत्व विभाग के अंतर्गत 55 स्मारक हैं, जबकि उनकी देखरेख के लिए केवल तीन कर्मचारी ही तैनात हैं। इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सदस्यों ने चंदेरी में राज्य पुरातत्व विभाग का स्थायी कार्यालय खोलने, स्मारकों की देखरेख, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाने की मांग की। इसके अतिरिक्त बत्तीसी बावड़ी तक पहुंच मार्ग के सुधार तथा सभी स्थानीय पर्यटक स्थलों पर जन-सुविधाओं के विकास की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

बैठक में नरसिंह मंदिर एवं बैजू बावरा भवन (तिवारी भवन) के द्वार पर लगी चूने की परत हटाने (डिस्केलिंग) के लिए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग भी की गई। बैठक के दौरान नए बनाए गए सदस्यों को उनके पहचान पत्र एवं बैज प्रदान किए गए। इस अवसर पर कन्वीनर अरुण सोमानी को कन्वीनर कल्ले भाई सहित उमेश पुरोहित, अनिल रोकड़यि, राघवेंद्र सेंगर, राजेश पंथी, दीपक शर्मा, बाहुबली जैन, माजिद पठान सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अनुविभागीय राजस्व कार्यालय अशोकनगर के सभाकक्ष में शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर द्वारा सभी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उपस्थित अधिकारियों को सुझावों पर अमल करने की निर्देश दिए। बैठक में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अपडेट, वेतन विसंगति, डीए एरियर, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये आवेदनों एवं बिन्दुओं पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों को समक्ष में निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र सिंह यादव, बीपीएम हेल्थ शाढ़ौरा गनेश बिहारे, सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास कौशलेन्द्र मावई,वीईओ पशुपालन विभाग अशोकनगर जे. एस. सगर, अध्यक्ष पटवारी संघ जिला अशोकनगर निर्मल रघुवशी, अध्यक्ष पटवारी संघ तहसील अशोकनगर अरविंद पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष म.प्र. शिक्षक संघ धर्मेन्द्र अरोरा, म. प्र. राज्य कर्मचारी संघ रघुवीर शर्मा, बीईओ कार्यालय राजकुमार रघुवशी, अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस रामगोपाल, अध्यक्ष म.प्र लघु वेतन कर्मचारी संघ नामदेव आदि रहे मौजूद।






## एसआईआर कार्य के संबंध में दिए निर्देश

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआाईआर) कार्य की समीक्षा की गई। वीडियों कांफ्रेस में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए कि एसआईआर के अंतर्गत नो मैपिंग के शेष कार्य को समय सीमा मे पूर्ण किया जाए। साथ ही लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए एवं उनका पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शीघ्र ही लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का निराकरण किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नो मैपिंग श्रेणी में आए मतदाताओं की सुनबाई गति प्रदान की जाए। इस अवसर पर अशोकनगर एन. आई. सी.में जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर आदित्य सिंह, अपर कलेक्टर डीएन सिंह एवं संबंधित उपस्थित रहे।

## स्वस्थ भारत और नशामुक्ति अभियान पर जनजागरूकता




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसके उपलक्ष्य में शासन द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जा रहा हे। शुक्रवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के नेतृत्व में स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत और नशामुक्त समाज बनाने के लिये शपथ ग्रहण कराई गई एवं जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूकता और नशे की लत से मुक्ति एवं महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ औन नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय से राजमाता चैराहा से होकर अस्तपताल चैराहा एवं शशीन्द्र सिंह राणा चैराहा से होते हुये पुनः महाविद्यालय लौटकर जनजागरूता रैली का समापन किया गया जिसका आयोजन सहायक प्राध्यापक गंधर्व सिंह राजपूत के नेतृत्व में किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक विशाल नरवरिया, डॉ. योग्यता भार्गव, डॉ. जे.पी. अहिरवार, जितेन्द्र ओझा, निहाल साध,शिवसेवक चैधरी, अरविन्द कौशिक, मनीष सोनी, डॉ. अंजना गुप्ता, गंगीता शर्मा, रश्मी कुर्मी आदि के साथ लगभग 100 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक 12 जनवरी को

**अशोकनगर।** जिला पंचायत अशोकनगर की सामान्य सभा की बैठक 12 जनवरी 2026 को अपरान्ह 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन 12 जनवरी को

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर स्वदेशी जागरूकता एवं स्वामी जी की शिक्षाओं से विद्यार्थियों में प्रेरणा जागृत करने हेतु 12 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दोपहर 12:30 बजे से किया गया है।

### नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा जिले की समस्त नगरीय निकायों में संचालित जल प्रदाय योजनाओं के संबंध में शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुदृढ़ीकरण के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से प्राप्त की गई। साथ ही निर्देश दिये गये कि शासन निर्देशानुसार अपने-अपने फिल्टगर प्लांट, टंकियों की सफाई, जल प्रदाय लाइनों का निरीक्षण, जल प्रदाय लाइन की लीकेज दूरस्तीक का कार्य तत्काल करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल प्रदाय पर निरंतर निगरानी रखते हुये शहरों के नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदाय करना सुनिश्चित करें, इस संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का तुरंत निराकरण करें। अवैध कालोनियों पर नियंत्रण के संबंध में शासन निर्देश के अनुसार समस्त शहरी क्षेत्रों में अवैध कालोनी बनाई गई है उनका निरीक्षण कर देखें की शासकीय भूमि पर कोई कालोनी बनाकर अतिक्रमण तो नही हुआ है। समस्त कालोनियों की जानकारी चिन्हांकित कर जानकारी भेजने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत बैंकों से समन्वरय कर लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें। साथ ही नगर परिषद शाढौरा द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध की गई प्रगति का सत्यापन करने के निर्देश दिये गये। समस्त नगरीय निकायों में करों की राजस्व बसूली की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समस्त घटकों में लक्ष्य के अनुसार प्रगति करें तथा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। शासन निर्देशानुसार प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवनों का निर्माण किया जाना है उसके प्रस्ताव शासन को भेजें। सीएम हेल्पलाईन एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश समस्त सीएओं को दिए। बैंठक में समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित उपयंत्री तथा संबंधित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 5 में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड क्रमांक 05 में पार्षद आशुतोष देवलिया के साथ 20 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 05 की आनंद बीज भंडार वाली गली सहित अन्य गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य किए जाने का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पार्षद डॉ जयमंडल यादव, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), गोपाल ओझा, मनीष धुरेंटे, योगेश खेरा, संजीव जाटव एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने नपा अध्यक्ष एवं पार्षद का स्वागत किया।

---

समिति प्रबंधक नहीं कर रहे देखरेख, नरखेड़ा समिति का मालगोदाम बना खतरा

# समितियों से कर रहे लाखों का कारोबार कहीं मालगोदाम जर्जर तो कहीं कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में पांच सहकारी समितियों से हजारों किसान जुड़े हुए हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों के सहकारी बैंकों में ऋण खाते हैं तो खाद भी मुहैया कराया जाता है। जारी खरीफ सीजन में खाद वितरण व्यवस्था में सहकारी समितियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किंतु इन समितियों के भवन एवं परिसर की सुध सहकारिता विभाग को नहीं है। समितियों के प्रबंधकों ने भी इनकी सुध नहीं ली,वहीं बोर्ड भंग होने की दशा में नियुक्त किए गए प्रशासकों ने भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई, यही वजह है कि कहीं भवन जर्जर होकर गिरने की कगार पर हैं तो कहीं उन पर अतिक्रमण हो चुका है।

बात करें क्षेत्र की ओंडेर सेवा सहकारी समिति की तो इस समिति का मालगोदाम ओंडेर गांव में स्कूल के पास बना हुआ है। इस मालगोदाम की स्थिति जर्जर है और चारों ओर अतिक्रमण हो चुका है। आसपास के परिवार यहां पालतू मवेशियों को बांधते हैं। इस मालगोदाम में गांव की राशन दुकान चलती है। इस बार जब समिति को कई बार खाद मिला तो उसे रखने के लिए दो तीन जगह निजी गोदाम किराए पर लेना पड़े। वहीं सेवा सहकारी समिति ग़दूली का मालगोदाम बहादुरपुर में है। यह मालगोदाम बेशकीमती जमीन पर है। जिसके चारों ओर कब्जे हो चुके हैं। हालांकि समिति द्वारा अभी भी इसी गोदाम से ही खाद वितरण कराया जा रहा है। इस गोदाम में राशन की दुकान भी चलती है। इसी क्षेत्र के ग्राम झागर बमुरिया में तो मालगोदाम का अता पता ही नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि इसका जो भवन था वह काफी जर्जर हो चुका था, जो बाद में अपने आप ढह गया। वर्तमान में ग्राम पंचायत के बहुउद्देशीय भवन से खाद वितरण किया जा रहा है।




### ढाई साल से जर्जर मालगोदाम गिराने प्रयास कर रहे ग्रामीण

क्षेत्र के नरखेड़ा गांव में जो सेवा सहकारी समिति का मालगोदाम है, वह ग्राम पंचायत भवन से लगा हुआ है। इसी परिसर में ग्राम पंचायत के सभी कार्यक्रम एवं ग्राम सभाएं होती हैं। मालगोदाम जर्जर हो चुका है। जिसे गिराने के लिए ग्रामीण कई बार शिकायतें कर चुके। कुछ महीने पहले तत्कालीन एसडीएम मनीष धनगर एवं एसडीओ लोनिवि ने मौका मुआयना कर त्वरित कार्रवाई की बात कही थी। किंतु समिति प्रबंधक देवदत्त साल्या की लापरवाही से इसे अब तक नहीं गिराया जा सका। इस भवन के पास मवेशी बैठे रहते हैं, ग्रामीणों का कहना है कि किसी दिन हादसा हो गया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

#### हटवाएंगे अतिक्रमण

हम पूरे अशोकनगर जिले में सेवा सहकारी समितियों की संपत्तियों की जानकारी जुटा रहे हैं कि वह किस हाल में हैं। अगर कहीं जर्जर है तो उन्हें गिराकर नवीन भवन स्वीकृति का प्रस्ताव भेजेंगे। अगर कहीं अतिक्रमण है तो उन्हें हटवाएंगे।

**ध्रुव झरिया,** प्रभारी उपायुक्त, सहकारिता अशोकनगर

---

जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप

# दो महिलाओं सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




चन्देरी क्षेत्र में एक बुनकर युवक की शिकायत पर पुलिस ने जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में गुरुवार रात को दो महिलाओं सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला मध्यप्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया, जो राज्य में धोखे, प्रलोभन या दबाव से धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए बनाया गया है। चंदेरी निवासी अखिलेश कोली, जो साड़ी बुनाई का काम करते हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी जानकी और दो बेटे प्रियांश (15) तथा अनुराग (13) को हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित कर दिया गया है। आरोप है कि उनकी रिश्तेदार मिनी कोली निवासी नरवर, शिवपुरी और रक्षा कोली, जो पहले से ईसाई धर्म अपना चुकी हैं, ने लगभग सात-आठ महीने पहले उनकी पत्नी से संपर्क स्थापित किया। दोनों महिलाओं ने मोबाइल फोन पर लगातार बातचीत की और ऑनलाइन धार्मिक मीटिंग्स आयोजित कराकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अखिलेश के अनुसार, इन मीटिंग्स और संपर्कों के कारण उनकी पत्नी और बच्चे हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई प्रथाओं का पालन करने लगे। आरोपियों ने आर्थिक लाभ का लालच भी दिया, जिसमें कहा गया कि ईसाई धर्म अपनाने पर विभिन्न संस्थाओं से पैसा और मदद मिलेगी। इसी प्रलोभन और दबाव के चलते पत्नी तथा बच्चे अखिलेश पर भी धर्म बदलने का दबाव बना रहे थे। परेशान होकर अखिलेश ने पहले पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया और फिर चंदेरी थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मिनी कोली, रक्षा कोली तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस अधिनियम में प्रलोभन, दबाव या धोखे से धर्म परिवर्तन को दंडनीय अपराध माना गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

---

# श्वेतांबर जैन मंदिर की 14वीं वर्षगांठ पर 16 जनवरी को निकलेगी पालकी यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर में स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर की 14वीं वर्षगांठ 16 जनवरी शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन सकल श्रीसंघ और वासुपूज्य मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 16 जनवरी को होने वाला भव्य ध्वजारोहण और पालकी यात्रा होगी। ध्वज यात्रा लाभार्थी परिवार के निज निवास से मंदिर तक लाई जाएगी व मंदिर से नगर में पालकी निकाली जाएगी।

### साधु साध्वी संघ का मिलेगा सानिध्य

इस धार्मिक अनुष्ठान में परम पूज्य आचार्य वीररत्न विजय म.सा. की प्रेरणा और मां सरस्वती आराधिका प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा., साध्वी श्री अमीवर्षा श्री जी, साध्वी श्री भव्योदया श्री जी, साध्वी श्री गुणोदया श्री जी एवं साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी म.सा. का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। साध्वी संघ के नगर आगमन पर श्री संघ द्वारा भव्य अगवानी की गई । जैन संत श्री धर्म घोष विजय जी महाराज साहब का पूर्व में ही नगर प्रवेश हो गया है। इस अवसर पर साधु साध्वी संघ का सानिध्य प्राप्त होगा।


### कोचेटा परिवार बना लाभार्थी

मंदिर के 14वीं वर्षगांठ के मुख्य लाभार्थी विमलकुमार, विपुलकुमार, विशालकुमार, काव्यांश कोचेटा परिवार हैं, इस अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं।

### तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा

15 जनवरी गुरुवार दोपहर 12:39 बजे श्री अठारह अभिषेक पूजन और शाम 7:00 बजे परमात्मा की आरती व संगीतमय भक्ति का आयोजन होगा।

16 जनवरी शुक्रवार मुख्य दिवस प्रात 7:30 बजे लाभार्थी परिवार के निज निवास (विदिशा रोड) से ध्वजा यात्रा प्रारंभ होगी।



प्रात 9:30 बजे मंदिर जी से भगवान की पालकी के साथ नगर भ्रमण (वरघोड़ा) होगा। इसके पश्चात दोपहर 12:39 बजे मंदिर शिखर पर भव्य ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद जैन भवन में स्वामी वात्सल्य (गौतम प्रसादी) का आयोजन होगा।

17 जनवरी शनिवार दोपहर 12:39 बजे श्री गौतमस्वामी महापूजन का आयोजन किया जाएगा, इसके बाद स्वामी वात्सल्य (गौतम प्रसादी) का आयोजन होगा। जिसके लाभार्थी श्री प्रदीप कुमार, विनय कुमार सुराना परिवार हैं। कार्यक्रम में विधिकारक एवं संगीतकार गौरव जैन (चैमहला) और प्रभु आंगी रचनाकार भोलाराम शर्मा (उज्जैन) अपनी सेवाएं देंगे। सकल जैन श्रीसंघ ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।

---

### कलेक्टर ने निर्वाचन पर्यवेक्षक रज्जाक खान को किया निलंबित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षक जिला निर्वाचन कार्यालय रज्जाक खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व.) अनुभाग ईसागढ़ रहेगा। साथ ही नरेश कुमार गोलिया, सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय अशोकनगर द्वारा एसआईआर दैनिक प्रगति (प्रोग्रेसिव) की जानकारी प्रतिदिन तैयार नहीं करने एवं और न ही वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत करने पर पारिश्रमिक 15 दिवस का सोख्त किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। कलेक्टर द्वारा 21 नवंबर 2025 को जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया, कि विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर कार्य की प्रत्येक दो घंटे की रिपोर्ट निर्वाचन पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा न तैयार करने से और न ही प्रस्तुत किये जाने से 24 नवंबर 2025 को मौखिक चैतावनी दी गई। इसके पश्चात भी निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। एसआईआर दैनिक प्रगति (प्रोग्रेसिव) बढते क्रम में 07 जनवरी 2026 की स्थिति में तैयार नही की गई और न ही प्रस्तुत की गई। जिसे लेकर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

---

# स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का चंदेरी में औद्योगिक भ्रमण





**अशोकनगर।** शासकीय महाविद्यालय, सहराई के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चंदेरी में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण एवं एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस भ्रमण की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्य अभय सिंघई, धर्मेश दांगी (थाना प्रभारी,सहराई),अम्बरीश वैश्य (जनपद पंचायत सदस्य), के.पी. चैहान (प्राचार्य, शा.माधव विद्यालय सहराई), श्रवण पुष्पधा (पूर्व जनपद पंचायत सदस्य),डॉ. अतुल गुप्ता (प्राचार्य, शा.महा.सहराई), रविन्द्र कुमार रीतोरिया (टी.पी.ओ.),मनोज जैन आदि गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय उद्योगों की कार्यप्रणाली, पारंपरिक हस्तशिल्प एवं ऐतिहासिक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्राणपुर में चंदेरी की प्रसिद्ध साड़ी उद्योग इकाइयों का अवलोकन किया। यहां छात्रों को फैक्ट्री में धागा बनाने की प्रक्रिया, धागों के विभिन्न प्रकार, धागे की गुणवत्ता की पहचान, साड़ी बुनाई की संपूर्ण प्रक्रिया तथा साड़ी निर्माण में प्रयुक्त पारंपरिक करघों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान मुरादपुर पंचायत के सरपंच मुकेश रैकवार द्वारा विलेज क्राफ्ट का भ्रमण कराया और घरों के बाहर बनी हुई साड़ी की डिज़ाइन को देखकर विद्यार्थी आश्चर्य चकित हुए इसके बाद दीक्षा बुंदेला (मैनेजर) द्वारा हैंडलूम कैफे का भ्रमण कराया गया। प्राणपुर से प्रस्थान के बाद चन्देरी हैंडलूम का औद्योगिक भ्रमण किया यहा आधुनिक मशीनों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने कच्चे माल से लेकर तैयार साड़ी तक की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और उद्योग से जुड़े तकनीकी एवं व्यावसायिक पहलुओं को समझा। इससे छात्रों को वस्त्र उद्योग में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं की भी जानकारी मिली। यह सब जानकारी हैंडलूम के डिप्टी डायरेक्टर के.एन.गुप्ता के मार्गदर्शन में मिली।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने चंदेरी में लगी टेंट सिटी का भ्रमण किया। यहा मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रबंधक अभिषेक पांडेय एवं टेंट सिटी के प्रबंधक विवेक साहू द्वारा इवेंट मैनेजमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और अंत मे ऐतिहासिक चंदेरी से संबंधित पुरातत्व मूर्तियो की प्रदर्शनी चंदेरी संग्रहालय में देखकर मन खुशी से झूम उठा और यहा का एक्सपोजर विजिट किया, जहां उन्हें चंदेरी के गौरवशाली इतिहास, स्थापत्य कला, सांस्कृतिक विरासत एवं चंदेरी के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार ऐतिहासिक धरोहरें पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करती हैं। यह सब जानकारी संग्रहालय के पुरातत्व अधीक्षण डॉ. शम्भुनाथ यादव के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों को विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

---

## जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को

**अशोकनगर।** जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद उच्चतर माधमिक विद्यालय कोलूआ रोड अशोकनगर में कार्यक्रम किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 09 बजे से 10:30 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र से प्रातः 9:30 बजे से 10:15 बजे तक राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद की वाणी, मुख्यमंत्री का संदेश एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम होगा। इस आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर बिछात एवं बैठक के लिए एक 8 सदस्यीय कमैटी गठित की गई है इसके अलावा स्वागत समिति में जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस सिसौदिया, सहायक संचालक एनिश जैन, डीपीसी राहुल शर्मा, अरूण रघुवंशी, ओपी शर्माद्व बी.के बामोरिया, और प्राचार्य विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल को रखा गया है। इसके अलावा आंमत्रण पंत्र लेखन एवं वितरण समिति, मचं एवं कार्यक्रम संचालन समिति भी बनाई गई है।

### बीएलओ ने कलेक्टर का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु भरवाया फार्म

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह का बीएलओ हेमलता जाटव द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रारूप 8 को भरवाया गया।



---

# दुकान से बाहर मनमर्जी से किए गए अतिक्रमण को प्रशासन की मौजूदगी में हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





शहर में चैथे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। चैथे दिन यह कार्यवाही शहर के नए वस स्टेण्ड से प्रारंभ होकर कोलुआ रोड तक की गईं। इस दौरान देखने में आया कि कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर नगरपालिका द्वारा वस्तीयों का पानी निकासी के लिए बनाए गए नाली और नाले पर इस प्रकार से पक्का अतिक्रमण किया कि नाला दिखाई नहीं दे रहा था कि पूर्व में कोई नाला बनाया था या नही।

इसी तरह जब अस्पताल चैराहे से आनंदपुर रोड की ओर अतिक्रमण हटाया गया था वहां पर भी इसी प्रकार से सडक के दोनों ओर पक्का अतिक्रमण किया था। शहर में अधिकांश नाले हैं जिनसे शहर का गंदा पानी शहर से बाहर निकासी की जाती है उन सभी नालों पर जहां देखों वहां पर अतिक्रमण ही नजर आता है। कोलुआ रोड से हटाए गए अतिक्रमण में यह भी सामने आया कि नगरपालिका के नाले को कुछ स्थानों पर दुकान मालिकों ने अपने घर के शौच निकासी के लिए भी उपयोग होता हुआ देखा गया। ऐसी स्थिति देखकर तहसीलदार भारतेन्दु यादव और सीएमओं विनोद उन्नीतान ने संबंधित दुकानदारों और घर के मालिकों पर नाराजगी दिखाई। तहसीलदार भारतेन्दु यादव ने नगर पालिका सीएमओं की उपस्थित में कहा कि इस प्रकार के सेप्टिक टैंक निर्माण करने पर संबंधित दुकानदार और घर मालिकों पर कार्यवाही की जाए। सीएमओं ने नोटिस देने के बात की और सात दिन के भीतर नाले के पास से सेप्टिक टैंक नहीं हटाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए भी कहा गया। इस अनुरोध को सभी दुकानदारों और घर मालिकों ने स्वीकार कर लिया।

कईं दुकानदार दुकान से बाहर मुख्य मार्ग पर सीसी डाल रखा था इस प्रकार के अतिक्रमण को भी हटाया जाए। विवेकानंद स्कूल से आगे दो कबाड़े के दुकानदारों पर भी कार्यवाही की गई है इन दुकानदारों को सड़क के पास कबाडे का कारोबार करने से मना किया गया है। इस मार्ग के दोनों ओर जो नगरपालिका द्वारा पक्का नाला बनाया गया है इस पर जो भी पक्का अतिक्रमण दिखाई दिया है उसको हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगरपालिका सीएमओ ने कहा कि शहर के सभी नाले नालियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। इस मुहिम के दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी भी मौजूद रहीं। यहां के पूर्व पार्षद ज्ञानी राजपूत भी अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए देखे गए।

---

इस दौरान छात्र छात्राओं से पूछा गया कि उन्होंने मॉडल कैसे तैयार किए

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने बनाए गए आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



चंदेरी राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार छात्रों के लिए विकासखंड स्तर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र चंदेरी पर किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए मॉडल प्रदर्शित कर उनका प्रस्तुतीकरण किया गया।

विकासखंड स्तर पर आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी मेले में ब्लॉक के सभी पांच जन शिक्षा केंद्रों के अनेकों ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया विज्ञान मेले की प्रदर्शनी की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान अलग- अलग काउंटर पर अलग-अलग विषय के मॉडलों का प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन, बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल, मॉडल स्कूल के प्राचार्य राम सहाय कटारे आदि ने परिचय प्राप्त कर सभी छात्रों के मॉडलों को देखा और विषय वार निर्णायक मंडल से नियम अनुसार मूल्यांकन कराया गया। विषय वार मॉडल, लघु नाटिका, और एकल गीत आदि के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन करने के पश्चात प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन निर्णायक मंडल के द्वारा नियम अनुसार किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से पर्यावरण विषय के लिए माध्यमिक विद्यालय नानकपुर के शिवेंद्र अहिरवार, गणित विषय के लिए मॉडल स्कूल चंदेरी की छात्रा सौम्या राठौर,सामाजिक विज्ञान विषय के लिए मॉडल स्कूल चंदेरी के छात्र शिवा नरवरिया, विज्ञान विषय के लिए मॉडल स्कूल के छात्र परमेंद्र सिंह, इसी प्रकार एकल गीत के लिए माध्यमिक विद्यालय भतीजा के छात्र बसंत कुमार, लघु नाटिका के लिए माध्यमिक विद्यालय अमरोद की छात्राएं रानी, सोनिया, गुनगुन और सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम तगारी की छात्रा अनुष्का लोधी का तथा अन्य का चयन किया गया। उपरोक्त चयनित छात्राओं की अगली प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीएसी रविकांत चतुर्वेदी, कमलेश चिढ़ार,धर्मपाल सिंह बुंदेला, विवेक जैन, ब्लॉक सहसमन्वयक प्रकाश राय, साहब सिंह यादव, जितेंद्र सिंह रैकवार, राजकुमार शाक्य, गोधन सिंह नरवरिया, आशीष शर्मा, पतराम प्रजापति, अर्शी नाज,सारिका सुमन आदि उपस्थित रहे।

### जेल कॉलोनी के आवासों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश

# डीजी जेल ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों के साथ किया सीधा संवाद

**जेल में बंदियों को दी जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य इत्यादि के संबंध में प्राप्त की जानकारी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

प्रदेश के जेल महानिदेशक वरुण कपूर शुक्रवार को जिले के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण करते हुए जेल परिसर की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान कपूर ने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों से खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश अधीनस्थों को प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से विशेष संवाद किया तथा उनके अपराध संबंधी स्थिति, स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों की सुविधा हेतु साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश जेल अधीक्षक को प्रदान किए जिससे बच्चों को शिक्षा एवं दैनिक आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही छोटे बच्चों के मनोरंजन हेतु खिलौने इत्यादि भी बढ़ाने के निर्देश उन्होंने प्रदान किए।

### बंदियों के अधिकारों के प्रति सजग रहने दिए निर्देश

साथ ही जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के मानवीय अधिकारों, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासनात्मक पहलुओं की जानकारी साझा की।

### जेल आवास की मरम्मत हेतु स्टीमेट तैयार कर भेजें

मुख्यालय स्थित जिला जेल से सटी हुई जेल कॉलोनी के जर्जर आवासों को देखकर डीजी श्री कपूर ने आवासों की मरम्मत हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जेल मुख्यालय भेजने के निर्देश जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी को प्रदान किए। इसके साथ ही कॉलोनी में बच्चों के खेलने हेतु खेल मैदान का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जेल कॉलोनी के शासकीय आवास सालों पुराने हो चुके हैं। ऐसे में उनकी मरम्मत या नवीन आवासों का निर्माण अत्यावश्यक हो चुका है।

**पुरातात्विक धरोहरों, बांध का भी किया अवलोकन**

जेल निरीक्षण के उपरान्त महानिदेशक श्री कपूर ने मुख्यालय स्थित पुरातात्विक धरोहरों राजमहल, बड़ा महल आदि का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही वे जिले की वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शुमार मोहनपुरा बांध को देखने भी पहुंचे।


### अब डीएच में पदस्थ सर्जन डॉ. खत्री रायसेन स्थानांतरित

# बढ़ाने की बजाय कम किया जा रहा जिला चिकित्सालय का स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

पूर्व से चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहे राजगढ़ जिला अस्पताल में रिक्त पदों की पूर्ति की बजाय लगातार स्टाफ कम किया जा रहा है। कल शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आदेश के तहत जिला चिकित्सालय में पदस्थ शल्यक्रिया विशेषज्ञ(सर्जन) डॉ. दिनेश खत्री का स्थानांतरण बतौर रायसेन सीएमएचओ कर दिया गया।

ऐसे में एक और चिकित्सक की कमी जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर्स में कर दी गई। जबकि, सर्जन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद पूर्व से रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में लगातार किए जा रहे इन तबादलों से स्वास्थ्य सेवाओं में कहीं न कहीं कम देखने मिलेगी। इसके पूर्व डॉ. नितिन पटेल का स्थानांतरण राजगढ़ से अन्य जिले में किया गया था। इसके साथ ही नवीन पदस्थापना के तहत पदस्थ कई चिकित्सक ऐसे भी हैं जो ज्वाईनिंग उपरान्त जिले में नजर ही नहीं आए हैं।



संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर
भोपाल, मध्यप्रदेश

क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल-05/2026/24 भोपाल, दिनांक 09/01/2026

:: आदेश ::

प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. दिनेश खत्री, शल्यक्रिया विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय राजगढ़ को एतद् द्वारा, तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-रायसेन के प्रभार में पदस्थ किया जाता है।
"आयुक्त, लो.स्वा. एवं चिकि. शिक्षा द्वारा अनुमोदित"

(डॉ.राजू निदारिया)
वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
मध्यप्रदेश

पृ.क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल-05/2026/25 भोपाल, दिनांक 09/01/2026

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
मध्यप्रदेश

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुरे हाल

जिला चिकित्सालय के साथ ही सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ स्टाफ की बात करें तो वहां भी पदों की पूर्ति अर्से से नहीं की गई है। सिविल अस्पतालों में कई चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ के पद सालों से रिक्त पड़े हुए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण केंद्रों पर भी स्टाफ की कमी बनी हुई है।

## कोटवार संघ ने विधायक को ज्ञापन दिया



**जीरापुर।** स्थानीय ग्राम कोटवार ,चैकीदार संघ द्वारा विधायक को ज्ञापन देकर अपनी दो सुत्रिय मांगो को पूरी कराने की मांग की। कोटवार संघ तहसील अध्यक्ष मांगीलाल शर्मा एवं सचिव शिवपुरी गोस्वामी ने विधायक हजारीलाल दांगी को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया कि कोटवारों को पुर्व में कोटवार ड्रेस (वृदी) की राशि बैंक खाते में जमा की जाती थी इससे कोटवार द्वारा खांकी रंग की वर्दी अपने-अपने नाप अनुसार सिलवा कर पहन जाती थी उसी को धारण कर ड्यूटी की जा रही थी। लेकिन विगत वर्ष गुणवत्ताहिन किस्म की एक ही नाम की वर्दी दी गई जिससे किसी भी कोटवार ने वर्दी नहीं पहनी एवं राशि खाते में जमा करने की मांग की बैंक खाते में वर्दी की राशि डलवाई जाए तथा मध्य प्रदेश शासन आदेश अनुसार प्रतिवर्ष वेतन वृद्धि 500 जनवरी माह से लागू की जाए यह मांग रखी गई जहां पर कोटवार संघ सदस्य सीताराम मालाकार , बजरंग बैरागी , इंदरसिंह , अजमल , मोहनलाल वर्मा , देवीलाल , रामबाबू , देवीसिंह , लक्ष्मीनारायण , विष्णु , रघुनाथ सहित अन्य कोटवार मोजूद रहें।

**नशा मुक्ति का लिया संकल्प**

## कॉलेज में युवा दिवस पर रोजगार मेले को लेकर विशेष आयोजन




**सारंगपुर ।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले में पंजीयन हेतु विशेष विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल उपस्थित रहे । 12 जनवरी युवा दिवस पर लगने वाले रोजगार मेले में पंजीयन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने रोजगार मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला । मुख्य वक्ता ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है । रोजगार मेले में 110 कम्पनी जिसमे टाटा भी शामिल है अपना स्टाल लगाने वाली हैं स्थानीय जन को अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो इस उदेश्य से इतने वृहद रोजगार मेले का आयोजन हमारे शहर में मंत्री डॉ गोतम टेटवाल के प्रयासों से होने जा रहा हैं। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान युथ रेड क्रॉस प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार , प्रभारी डॉ अरुणा सोलंकी,डॉ विमल लोदवाल, प्रो संगीता गुप्ता, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ मो वसीम शेख दीपिका जोशी, सोनम करोड़िया, डॉ दीप्ती सिसोदिया, भगवान सिंह पाटीदार अन्य स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# ...तो सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे राजगढ़ के सभी सफाईकर्मी, कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** नगर पालिका की माली हालत बहुत दयनीय चल रही है। आलम यह है की नियमित सहित संविदा एवं मस्टर पर कार्यरत स्वच्छताकर्मियों को वेतन, पगार के लिए दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस कारण आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे राजगढ़ नपा के तहत कार्यरत सफाईकर्मियों ने सोमवार 12 दिसंबर से सामूहिक हड़ताल पर जाने की चेतवानी दी है।

इस संबंध में सभी कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी उक्त सहित अन्य मांग का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है की तीन-तीन महीनों तक पगार नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारी बिजली का बिल नहीं भर पाए, इस वजह से उनके घर की बिजली काट दी गई है तो जिन कर्मचारियों ने लोन ले रखा है वे किश्तें समय पर जमा नहीं कर पाने से बैंक के डिफाल्टर होते जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-गृहस्थी से जुड़ी अन्य जरुरते पूरी करने उन्हे दुकानों से सामान उधार लेना पड़ रहा है। दो महीने से दुकानदारों ने सामान देने से मना कर दिया क्योंकि वे पुराना बाकी ही नहीं चुका पाए हैं। ज्ञापन आगे उल्लेख है की उन्हें यदि अभी तक का बकाया भुगतान नहीं मिलता तो सोमवार से सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।



### हर महीने 5 तारीख तक दिया जाए वेतन

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है की सिर्फ अभी की बात नहीं है बल्कि उनकी प्रमुख मांग यह भी है की सभी कर्मचारियों को हर महीने की 5 तारीख तक उनकी पगार, वेतन दे दिया जाए। लगातार आर्थिक संकटों से जूझने के चलते हम हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं।

## गुर्जर मोहल्ला वार्ड 5 में सीसी रोड निर्माण शुरू



**जीरापुर।** नगर की वार्ड क्रमांक 5 की मुख्य रोड की समस्या कई दिनों से लंबित थी , इस समस्या की लेकर नगरवासियों की मांग को नगर परिषद ने अपने संज्ञान में लाते हुए , सीमेंट कांक्रीट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जो वार्ड क्रमांक 5 गुर्जर मोहल्ला में होगा सीमेंट कांक्रीट निर्माण कार्य 30 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरिओम शर्मा उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ने निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने निर्माण कार्य देखा परिषद ने बताया कि यह रोड गुर्जर मोहल्ले से लेकर भावसार मोहल्ला से होकर गणेश मंदिर चोपड़ा बाजार तथा 20 लाख की लागत से भावसार कुंडी से श्मशान घाट वार्ड 9 बढ़ वाली गली तक भी निर्माण किया जाएगा। इसमें गुर्जर मोहल्ले का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर तोलाराम जी की दुकान से भावसार मंदिर तक लागत 30 लाख रुपए में होगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद हेमन्त जोशी , शिव मंडलोई , मुकेश पुष्पद टेक्सी , कमल झावा एवं अन्य नागरिक भी मोजूद रहें। जहां पर सीएमओ हरीओम शर्मा ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता कि कमी हो तो मुझे फोन पर अवगत करावे ताकि घटिया निर्माण से बचा जा सके।

## छुरी मारने वाले दोषी को 1 साल का कारावास

**घर पर शराब पिलाने के बाद किया था हमला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद आदिवासी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि घटना 29 सितंबर 2018 को फरियादी जित्तू उर्फ जितेंद्र ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 10 बजे आरोपी ने उसे अपने घर बुलाकर शराब पिलाई।

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद ने छुरी से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के कान में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

**अक्षत वितरण कर लिया गया जन सहयोग**

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी में घर-घर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा नगर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महाकाल बस्ती सहित विभिन्न वार्डों में घरदृघर जाकर अक्षत वितरण कर नागरिकों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया तथा जन सहयोग भी प्राप्त किया गया। इस अभियान के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरूलाल पुष्पद, जुगल किशोर दुबे, मनीष चैरसिया, सुशील व्यास, महेश पाटीदार, सतीश राठौर एवं अनिल जैन ने नागरिकों से संवाद कर सम्मेलन की महत्ता बताते हुए सहयोग का आह्वान किया। वही महाकाल बस्ती में बस्ती प्रमुख वैभव जैन, उज्जवल शर्मा, गोविंद राठौर, सत्यम शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर घरदृघर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र एवं अक्षत प्रदान किए और अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता का आग्रह किया। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें नगर के सभी समाजजनों से सहभागिता की अपील की गई है।



# दिसंबर माह में विभिन्न विभागों से 26 लोक सेवक रिटायर्ड, किया सम्मानित

### सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान किए गए पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी पेंशन, ग्रेज्युटी, भविष्य निधि सहित अन्य भुगतानों के लिए लंबा इंतेजार नहीं करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था बनाई है जिसके तहत उन्हें सेवानिवृत्ति के कुछ ही दिनों में पीपीओ प्रदान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिसंबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 26 अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए कलेक्टोरेट सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी रिटायर्ड लोकसेवकों को पीपीओ प्रदान करते हुए प्रशासन उन्हें सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।



### दिसंबर में ये कर्मचारी हुए हैं सेवानिवृत्त

माह दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी, कर्मचारियों में आत्माराम सुतार, जगमोहन गुप्ता, शीला शर्मा, सुधीर जैन, राधेश्याम गुर्जर, ललित विश्वकर्मा, निशा सक्सेना, अशोक कुमार पंचोली, कृष्णा गुरगेला, दरियाव सिंह परमार, कृष्ण वल्लभ सक्सेना, राधेश्याम संगवालिया, अफसाना, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, विनोद चैधरी, अरूणा त्रिपाठी, राधेश्याम जाट, अवधेश, बाबूलाल चैहान, ओमप्रकाश वर्मा, सोरम बाई, जाकिर हुसैन, बाबूलाल, गिरीश चन्द्र शर्मा, गोविन्द सिंह चौहान, हेमन्त दवे, नरेन्द्र कुमार व्यास, राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं अनिता बंसल शामिल हैं। उक्त में चार कर्मचारी ऐसे हैं जो नवंबर में रिटायर्ड हुए थे लेकिन किसी कारणवश उनको सम्मानित नहीं किया जा सका था।

**राज्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग हुए आयोजन में शामिल**

# श्रृंखला से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा






नगर में नगर की समस्त शैक्षणिक संस्थानों द्वारा पर्यावरण जागरण की पहल के अंतर्गत आयोजित विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया उक्त आयोजन का शुभारंभ वैष्णो देवी मंदिर से हुआ जिसमें भारत माता ,भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस की रथयुक्त झांकी बनाई गई। भारत माता का पूजन मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने तिलक चंदन माला के साथ पूजन किया । तत्पश्चात नगर के समस्त शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा वैष्णो देवी मंदिर से लेकर अहिंसा द्वारा तक बनाई गई मानव श्रृंखला में हजारों छात्र-छात्राए एक दूसरे का हाथ पकड़ कर मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दिये । मुख्य आकर्षण का केंद्र घोष रहा जिसका शानदार प्रदर्शन विवेकानंद विद्या विहार के बच्चों ने किया। की नगर के गणमान्य नागरिकों ने भारत माता की झांकी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अंत में समापन अहिंसा द्वार पर भारत माता की आरती के आयोजन के साथ हुआ और समस्त छात्र-छात्राओं और उपस्थित जन सामान्य को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने समस्त विद्यार्थियों और संस्था संचालक और शैक्षणिक संस्थाओं को जागरूकता हेतु सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर की 20 विद्यालय और 15 कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार , नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,अमित शर्मा ,इंदरसिंह लववंशी , दीपकमल शर्मा विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अशोक गुप्ता ब्यावरा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,दिलीप शर्मा बीआरसी शिक्षा विभाग दुबे सहित, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम दांगी, कार्यक्रम संयोजक डा मुकेश मारू, डा कमल आलोक प्रसाद, जतिन गुप्ता अंकित गुप्ता ,आर एस राजपूत ,एम एल लववंशी, देवराज पंवार, अशोक दुबे , शिवम चंद्रवंशी, संजय सक्सेना , धर्मेंद्र सक्सेना प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन से सत्येंद्र सेंगर , प्रदीप शिवहरे अशोक साहू ,राम दांगी ,नितेश गौर, दीपक विश्वकर्मा प्रवीण सी सिंह राजपूत नगर के समस्त छात्र-छात्राऔ ने सहभागिता की। यह प्रेरक आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। आइए, हम सभी मिलकर स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन एम एल लववंशी ने किया । मानव श्रृंखला में शामिल नगर की समस्त स्कूल और कौचिंग संस्था संचालकों और समस्त छात्र-छात्राओं और उपस्थित जनसमुदाय का आभार डा.मुकेश मारू ने माना।